"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 481] नवा रायपुर, सोमवार, दिनांक 31 अगस्त 2026 — भाद्र 9, शक 1948

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 31 अगस्त 2026

अधिसूचना

क्रमांक ESTB-1/762/2025-HOME SECTION.— छत्तीसगढ़ राज्य का बस्तर संभाग घने वनों से आच्छादित, भौगोलिक दृष्टि से दुर्गम तथा अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्र है और माओवादी/नक्सल हिंसा से प्रभावित रहा है। ऐसे प्रभावित क्षेत्रों में माओवादी/नक्सल हिंसा एवं विद्रोह की रोकथाम, नियंत्रण तथा प्रभावी प्रतिकार सुनिश्चित करने के साथ–साथ स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान कर सामाजिक–आर्थिक विकास एवं राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से ऐसे अभ्यर्थियों को उचित अवसर प्रदान करते हुए स्थानीय रूप से एक विशेष प्रशिक्षित बल का गठन किया जाना आवश्यक है, जिन्हें संबंधित स्थानीय क्षेत्र, भौगोलिक परिस्थितियों तथा स्थानीय भाषा/बोली एवं संस्कृति का सम्यक ज्ञान हो। अतएव भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ पुलिस विशेष कार्यपालिक बल (बस्तर फाईटर्स) में बस्तर संभाग के जिलों के अभ्यार्थियों की फाईटर आरक्षक के पद पर भर्ती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:–

नियम

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारम्भ**– (1) ये नियम छत्तीसगढ़ पुलिस विशेष कार्यपालिक बल (बस्तर फाईटर्स), फाईटर आरक्षक सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2026 कहलायेंगे।
   (2) इसका विस्तार छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग के समस्त जिलों में होगा।
   (3) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषायें**– इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हों:–
   (क) सेवा के संबंध में **"नियुक्ति प्राधिकारी"** से अभिप्रेत है, अनुसूची–एक के कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट नियुक्ति प्राधिकारी;
   (ख) **"परीक्षा"** से अभिप्रेत है, नियम–11 के अधीन भर्ती के लिये आयोजित प्रतियोगी परीक्षा,
   (ग) **"प्रथम चरण"** से अभिप्रेत है, आवेदन पत्रों की छानबीन, शारीरिक मापतौल तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा;
   (घ) **"शासन"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ शासन;
   (ड.) **"राज्यपाल"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ के राज्यपाल;

(च) **"द्वितीय चरण"** से अभिप्रेत है, लिखित परीक्षा;

(छ) **"अन्य पिछड़े वर्ग"** से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा, समय–समय पर, यथासंशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ–8–5–पच्चीस–4–84, दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 द्वारा यथाविनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

(ज) **"अनुसूची"** से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(झ) **"अनुसूचित जाति"** से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

(ञ) **"अनुसूचित जनजाति"** से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथाविनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति;

(ट) **"सेवा"** से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ पुलिस विशेष कार्यपालिक बल (बस्तर फाईटर्स) फाईटर आरक्षक सेवा;

(ठ) **"राज्य"** से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य।

3. **विस्तार तथा लागू होना.–** छत्तीसगढ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अन्तर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे।

4. **सेवा का गठन.–** सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति समाविष्ट होंगे, अर्थात्:–

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के समय अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट पद को मूलतः धारण कर रहे हों;

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों; और

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये जाएं।

5. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि**.– सेवा का वर्गीकरण तथा उससे संलग्न वेतनमान, अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार होगाः

परन्तु शासन, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या एवं वेतनमान में, समय समय पर स्थाई या अस्थाई तौर पर, वृद्धि या कमी कर सकेगा।

6. **भर्ती का तरीका.**– (1) इन नियमों के प्रारम्भ होने के पश्चात् सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों द्वारा की जायेगी, अर्थात्:–

(क) प्रतियोगी परीक्षा/चयन के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा;

(ख) सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा, जैसा कि अनुसूची–चार के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट है;

(ग) ऐसी सेवाओं में ऐसे पदों को मौलिक/स्थानापन्न रूप से धारण करने वाले व्यक्तियों के स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा जो कि इस निमित्त विनिर्दिष्ट की जाये;

(2) उप–नियम (1) के खण्ड (क), (ख) या खण्ड (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची–एक में यथाविनिर्दिष्ट पदों की संख्या के अनुसूची–दो में दर्शाए गए प्रतिशत से किसी भी समय अधिक नहीं होगी।

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्ययीन रहते हुए, भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरे जाने के लिए अपेक्षित सेवा में किसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को भरे जाने के प्रयोजन के लिये अपनायी जाने वाली भर्ती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति अधिकारी द्वारा शासन के परामर्श से अवधारित की जायेगी।

(4) उप–नियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि विभागाध्यक्ष की राय में, सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए, ऐसा करना अपेक्षित हो, तो वह सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से, सेवा में भर्ती के उन तरीकों को छोड़, जिनको उक्त उप–नियम में विनिर्दिष्ट किया गया है, ऐसे तरीके अपना सकेगा, जिसे वह इस निमित्त जारी किये गये आदेश द्वारा विहित करे।

(5) सीधी भर्ती द्वारा पदों को भरे जाने के प्रयोजन के लिए, संबंधित रेंज पुलिस महानिरीक्षक द्वारा एक चयन समिति गठित की जाएगी, जो इन मापदण्डों के अलावा अन्य युक्तिसंगत मापदण्ड शासन की सहमति से अपना सकेगी।

(6) भर्ती के समय, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) के प्रावधान तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे।

7. **सेवा में नियुक्ति.–** (1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में समस्त नियुक्तियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जायेगी तथा ऐसी कोई भी नियुक्ति, नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती की तरीके से किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जायेगी अन्यथा नहीं। नियुक्ति आदेश चयन सूची में वरिष्ठता के क्रम में जारी किये जावेंगे । नियुक्ति आदेश जारी करने के पूर्व अभ्यर्थी का चरित्र सत्यापन एवं स्वास्थय परीक्षण कराया जावेगा।

चरित्र सत्यापन में कोई विपरीत टीप नहीं होने और निर्धारित मापदण्ड के आधार पर पूर्ण रूप से स्वस्थ होने पर ही अभ्यर्थी को नियुक्ति आदेश जारी कर पुलिस लाईन में आमद देने का आदेश दिया जायेगा।

(2) सीधी भर्ती हेतु आरक्षण के संबंध में छत्तीसगढ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 के प्रावधानों का पालन करते हुए जिला/इकाईयों के भर्ती आरक्षण रोस्टर के अनुसार पृथक–पृथक पदों का विभाजन विज्ञापन में स्पष्ट कर देना चाहिये। इसके अतिरिक्त, छत्तीसगढ सामान्य, प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का भी पालन किया जायेगा।

(क) भूतपूर्व सैनिकों के लिये शासकीय सेवा में वर्ग–तीन के पदों के लिये 10: आरक्षण संबंधी आदेशों का पालन किया जावेगा।

(ख) छत्तीसगढ शासन गृह पुलिस विभाग मंत्रालय के ज्ञापन क्रमांक एफ 13–9/दो–गृह/2005 दिनांक 16.1.2007 के अधीन स्वयंसेवी नगरसैनिकों के लिये 25: आरक्षण लागू किया गया है, जिसका पालन किया जावेगा।

(ग) 30: पदों की सीधी भर्ती छत्तीसगढ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) के अनुशरण में, छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित रहेगी।

(घ) उन जिलों, जहां सहायक आरक्षक के पद स्वीकृत है, में पदस्थ सहायक आरक्षकों के लिये 15: समस्तर आरक्षण लागू होगा।

8. **सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थियों की पात्रता की शर्ते.**– सीधी भर्ती के लिये पात्र होने के लिए अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्ते पूरी करनी होंगी, अर्थात्:–

(1) अभ्यर्थी को उस जिले का स्थानीय निवासी (सक्षम प्राधिकारी व्दारा जारी निवास प्रमाणपत्र के आधार पर) होना अनिवार्य होगा, जिस जिले के अंतर्गत वह संबंधित भर्ती प्रक्रिया हेतु आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही है।

(2) अभ्यर्थी का आचरण एवं पिछला रिकार्ड अच्छा होना चाहिये।

(3) **आयु–** (क) विज्ञापन प्रकाशित होने के वर्ष की जनवरी के प्रथम दिवस को अनुसूची–तीन के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो तथा उक्त अनुसूची में कॉलम (5) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो;

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछडे वर्ग का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिक से अधिक पॉच वर्ष तक शिथिल की जायेगी;

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के प्रावधानों के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय महिला अभ्यर्थियों के लिए, उच्चतर आयु सीमा 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(घ) उन अभ्यर्थियों की भी, जो छत्तीसगढ शासन के कर्मचारी हों, अथवा रह चुके हों, किन्तु उन्हें शासकीय सेवा के अयोग्य न ठहराया गया हो, उच्चतर आयु–सीमा, उस सीमा तक तथा निम्नलिखित शर्तो के अध्यधीन रहते हुए शिथिल की जा सकेगी:–

(एक) कोई अभ्यर्थी, जो स्थाई शासकीय सेवक हो, 36 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए;

(दो) कोई अभ्यर्थी जो अस्थाई पद धारण कर रहा है तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन कर रहा है, 36 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये। यह रियायत आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी, कार्यभारित कर्मचारी तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी;

(तीन) यदि कोई अभ्यर्थी जो छटनी किया गया शासकीय सेवक हो उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई सम्पूर्ण अस्थाई सेवा की अधिक से अधिक 7 वर्ष तक की कालावधि भले ही वह एक से अधिक बार में की गई सेवाओं के कारण हों, कम करने की अनुज्ञा दी जायेगी, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

स्पष्टीकरण:– शब्द ''छटनी किये गये सरकारी सेवक'' से द्योतक है ऐसा व्यक्ति, जो इस राज्य अथवा किन्ही संगठन इकाई की अस्थाई सरकारी सेवा में निरंतर कम से कम 6 माह तक रहा हो तथा जो रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा सरकारी सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा आवेदन देने के तारीख से अधिक से अधिक 3 वर्ष पूर्व कर्मचारियों की संख्या में कमी किये जाने कारण सेवामुक्त किया गया हो।

(ङ) ऐसे अभ्यर्थी को जो भूतपूर्व सैनिक हो उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, परन्तु इसके परिणाम स्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो

स्पष्टीकरणः– शब्द 'भूतपूर्व सैनिक' से द्योतक है ऐसे व्यक्ति, जो निम्नलिखित प्रवर्गो में से किसी एक प्रवर्ग का हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम 6 माह की कालावधि तक निरंतर नियोजित रहा हो और किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना नाम रजिस्ट्रीकृत कराने की अथवा सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन–पत्र देने की तारीख से, अधिक से अधिक 3 वर्ष पूर्व, मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप, या स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छंटनी की गई हो या जो अधिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया हो अर्थात्:–

(1) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें सेवा निवृत्ति रियायतों (मास्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया है;

(2) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो दूसरी बार भरती किये गये हों, और जिन्हें:–
(क) अल्पकालीन वचनबंध पूर्ण हो जाने पर;
(ख) भर्ती संबंधी शर्तो के पूर्ण हो जाने पर, सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो।

(3) मद्रास सिविल यूनिट के भूतपूर्व कर्मचारी;

(4) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) (जिनमें अल्पावधि सेवा के नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी सम्मिलित हैं) जो उनकी संविदा के पूर्ण होने पर सेवान्मुक्त किए गए हों;

(5) ऐसे अधिकारी जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर 6 माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो;

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग किया गया हो;

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया हो कि वे अब दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं हैं;

(8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो।

(च) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछडा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन पुरूस्कृत दम्पतियों के सवर्ण पति/पत्नी के संबंध में उच्चतर आयु सीमा पॉच वर्ष तक शिथिल की जायेगी।

(छ) शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान प्राप्त खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा पॉच वर्ष तक शिथिल की जायेगी।

(ज) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मण्डल के कर्मचारी हो, उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 36 वर्ष की आयु तक शिथिल की जायेगी।

(झ) स्वयंसेवी नगर सैनिकों तथा नगर सेना के नान–कमीशंड अधिकारियों के मामले में उच्चतर आयु सीमा उनके द्वारा इस प्रकार की गई सेवा की कालावधि के लिए 8 वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए शिथिल की जावेगी, किन्तु किसी भी मामले में उनकी आयु 36 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। स्वयंसेवी नगर सैनिकों एवं नान–कमीशंड अधिकारियों को उनके द्वारा पूर्ण की गई नगर सेना सेवा की अवधि के पूर्ण वर्षो के बराबर शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु निर्धारित उच्चतर आयु सीमा में छूट दी जाएगी अर्थात उस नगर सैनिक/नान–कमीशंड अधिकारी, जिसने 1 वर्ष की नगर सेना सेवा पूर्ण की हो, को अधिकतम 1 वर्ष की, जिसने 2 वर्ष की नगर सेना सेवा पूर्ण की हो उसे 2 वर्ष की एवं ऐसे ही आगे के पूर्ण सेवा वर्षो के बराबर की छूट दी जाएगी।

(ञ) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कमांक एफ 3–2/2002/1–3 रायपुर दिनांक 30.01.2012 के अनुसार संविदा पर नियुक्त व्यक्तियों को शासकीय सेवा में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अधिकतम् आयु सीमा में उतने वर्ष की छूट दी जायेगी, जितने वर्ष उसने संविदा के रूप में सेवा की है। यह छूट अधिकतम् 38 वर्ष की आयु सीमा तक रहेगी।

टीप–उपर्युक्त नियम 8 के उप–नियम (3) के खण्ड (घ) के उप–खण्ड (एक) तथा (दो) में उल्लेखित आयु संबंधी रियायतों के अंतर्गत अभ्यर्थियों, जिनको चयन के लिये सम्मिलित किया गया है, वे यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् या चयन के पहले अथवा बाद में, सेवा से त्याग पत्र दे दें तो वे नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे, तथापि, यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् इनकी सेवा या पद से छंटनी की जाये तो वे नियुक्ति के पात्र बने रहेंगे।

(1) किसी भी अन्य मामलें में आयुसीमा शिथिल नहीं की जायेगी, विभागीय अभ्यर्थियों को चयन में उपसंजात होने के लिये नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति अवश्य ही प्राप्त करनी होगी।

(2) शासकीय/अर्द्धशासकीय अथवा भूतपूर्व सैनिकों के प्रकरणों में, अनुशासन, अयोग्यता अथवा चिकित्सा के आधार पर सेवा से हटाये गये सेवारत अथवा भूतपूर्व कर्मी इस सेवा के अयोग्य होंगे।

स्पष्टीकरण:– आयु सीमा में छूट के संबंध में शासन द्वारा समय–समय पर जारी किये तत्समय प्रचलित नियम लागू होंगे।

(4) **शारीरिक अर्हता**:– अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित शारीरिक अर्हतायें अनिवार्य रूप से होनी चाहिये:–

(क) ऊंचाई– 163 से.मी. या उससे अधिक (अनारक्षित वर्ग, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिये)

150 से.मी. या उससे अधिक (अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष अभ्यार्थियों के लिये)

153 से.मी. या उससे अधिक (अनारक्षित वर्ग, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला अभ्यार्थियों के लिये)

148 से.मी. या उससे अधिक (अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिला अभ्यार्थियों के लिये)

(ख) सीना– बिना फुलाये 79 से.मी.(अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु 74 से.मी.) तथा फुलाने पर 84 से.मी. (अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु 79 से.मी.)
महिला अभ्यर्थी इस शारीरिक अर्हता से मुक्त होंगी।

टीप– (1) विशेष प्रकरणों में शारीरिक मापदण्ड (क) एवं (ख) के संबंध में छूट केवल पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज द्वारा दी जा सकेगी।

(2) ऊंचाई एवं सीने की नापतौल में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

(ग) अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से दिव्यांग नहीं होना चाहिये।

(घ) अभ्यर्थी में नॉक–नी, फ्लैट फुट नहीं होना चाहिए। नॉक–नी एवं फ्लैट फुट संबंधी अर्हतायें सभी पदों के लिये अनिवार्य होंगी साथ ही सभी अभ्यर्थियों को चिकित्सीय दृष्टि से योग्य होना चाहिये। उपरोक्त कारणों से अयोग्य अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी स्वयं देखकर निर्णय लेंगे तथा आवश्यकता होने पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी से परामर्श ले सकेंगे। अभ्यर्थी को आंखों से संबंधित कोई रोग नहीं होना चाहिये। मुख्य रंगों का भेद करने में अभ्यर्थी को सक्षम होना चाहिए।

(5) **शैक्षणिक अर्हताएं**.– अभ्यर्थी के पास अनुसूची–तीन में दर्शाये गये सेवा के लिये अपेक्षित शैक्षणिक अर्हतायें होनी चाहिये, किन्तु अपवादिक मामलों में समिति, नियुक्ति प्राधिकारी की सिफारिश पर, किसी ऐसे अभ्यर्थी को अर्ह मान सकेगी, जिसके पास यद्यपि इस खण्ड में निहित अर्हताओं में से कोई अर्हता नहीं हो किन्तु जिसने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित परीक्षा, ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हो, जो समिति की राय में, अभ्यर्थी को परीक्षा/चयन के विचारण के लिये पात्र बनाती हो।

9. **निरर्हता.– (1)** अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्हीं भी साधनों से, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा परीक्षा/चयन हेतु उपस्थित होने के लिये निरर्हता माना जायेगा।

(2) कोई भी पुरूष अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और कोई भी महिला अभ्यर्थी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी:

परन्तु यदि शासन का यह समाधान हो जाए कि ऐसा करने के विशेष कारण हैं, तो शासन, ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

(3) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में जो विहित की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप से स्वस्थ, तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो किसी सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकते हों से मुक्त, घोषित न कर दिया जाए:

परन्तु आपवादिक मामलों में अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा के पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन अस्थाई नियुक्ति दी जा सकेगी कि यदि वह चिकित्सकीय रूप से अस्वस्थ्य पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेंगी।

(4) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद के लिए उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी सम्यक् जांच जैसा कि आवश्यक समझे, के पश्चात, यह समाधान हो जाये कि वह (अभ्यर्थी) ऐसी सेवा या पद के लिए उपयुक्त नहीं है।

(5) कोई भी अभ्यर्थी, जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामलें लंबित हों, तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जायेगा, जब तक कि उस आपराधिक मामले का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाए।

(6) कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा।

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा.–** परीक्षा/चयन में शामिल होने के लिये अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अन्यथा के संबंध में, नियुक्ति प्राधिकारी/चयन समिति का विनिश्चय अंतिम होगा तथा ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी/चयन समिति द्वारा प्रवेश प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है, परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

11. **प्रतियोगी परीक्षा/चयन द्वारा सीधी भर्ती.–** (1) भर्ती कार्यक्रम, पुलिस मुख्यालय/रेंज कार्यालय/संबंधित इकाई द्वारा विज्ञापन के माध्यम से प्रसारित किया जायेगा। भर्ती जिला सम्पूर्ण राज्य में जिला मुख्यालयों पर एक साथ एक ही समय पर होगी। कोई विशिष्ट कानून व्यवस्था अथवा अन्य समस्या होने पर, पुलिस मुख्यालय, भर्ती कार्यक्रम में आवश्यक संशोधन कर सकेगा।

(2) विज्ञापन जारी होने के दिनांक को पदों की वास्तविक रिक्तियों की संख्या के आधार पर ही विज्ञापन जारी किया जायेगा। वित्तीय मितव्ययता को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा संयुक्त विज्ञापन जारी किया जा सकेगा। रिक्तियों की सूचना पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला कलेक्ट्रेट, तहसील तथा ब्लॉक कार्यालयों के सूचना पटल पर चिपकाये जाने की व्यवस्था की जायेगी, ताकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक सूचना आसानी से पहुंच सके।

(3) केवल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को शासन के आदेशानुसार, वास्तविक यात्रा किराया दिया जावेगा।

(4) सीधी भर्ती हेतु उपलब्ध रिक्तियों को उन अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रखे जायेंगे, जो छत्तीसगढ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गो के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) के प्रावधानों और राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार अनूसचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्य हैं।

(5) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों को, जिन्हें प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा योग्य घोषित किया गया हो, यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिये नियम 13 के अधीन आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा।

(6) शासन के निर्देशानुसार महिलाओं के लिए समस्तर एवं प्रभागवार 30ः आरक्षण रहेगा। विभाग, मंत्री–परिषद के पूर्व अनुमोदन से, नियुक्ति हेतु इस सीमा को 10ः कम कर सकेगा।

(7) आरक्षण हेतु राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी आरक्षण रोस्टर एवं नियम जिले के लिए लागू होगें।

(8) उन जिलों, जहां सहायक आरक्षक के पद स्वीकृत हैं, में पदस्थ सहायक आरक्षकों के लिए समस्तर एवं प्रभागवार 15ः आरक्षण लागू रहेगा।

(9) चयन प्रकिया में, प्रतियोगिता परीक्षा के लिये प्रवेश हेतु शासन के संबंधित पुलिस अधीक्षक के द्वारा यथा निर्धारित किये गये प्रारूप में, आवेदन भरते समय अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पद का उल्लेख किया जाएगा। विकल्प के तौर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र भी आमंत्रित किया जा सकेगा।

(10) अभ्यर्थी अनर्ह समझा जायेगा, यदि अपने आवेदन पत्र के प्रारूप में गलत जानकारी देता है या किसी तथ्यात्मक जानकारी को छिपाता है, तो ऐसा कृत्य करने पर अभ्यर्थी को सरकार के अधीन नियुक्ति हेतु या सेवा में निरन्तर बने रहने का अधिकार नहीं होगा तथा उसकी सेवा तत्काल, बिना कोई पूर्व सूचना दिये, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जायेगी।

(11) नियम 6 के उप–नियम (1) के खण्ड (क) के अधीन प्रतियोगी परीक्षा द्वारा चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी, अर्थात् :–

(एक) आवेदन पत्रों की छानबीन– आवेदन फार्म की छानबीन करते हुए, समस्त निर्धारित अर्हताओं को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को, प्रथम चरण के अंतर्गत चयन प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता होगी। आवेदन पत्रों की प्राप्ति के बाद समस्त प्रक्रिया, यथासंभव, कम्प्यूटराईज्ड होगी।

(दो) शारीरिक माप का मान– प्रथम चरण के अंतर्गत आवेदन पत्रों एवं दस्तावेजों की छानबीन उपरान्त दस्तावेज सही पाये जाने तथा निर्धारित अर्हताओं को पूर्ण करने वाले आवेदकों का शारीरिक नापजोख, नियम 8 के उप–नियम (4) के खण्ड (क) से (घ) के अनुसार (आंखों की दृष्टि एवं आंखों से संबंधित अन्य जांच को छोड़कर) किया जायेगा तथा आगामी प्रक्रिया में सम्मिलित होने संबंधी अनुमति पत्र, केवल नापजोख में सफल पाये गये अभ्यर्थियों को ही दिया

जावेगा। शारीरिक माप से संबंधित अपील का अंतिम निराकरण नियम 8 के उप–नियम (4) का पालन करते हुए, तत्काल ही किया जायेगा।

(तीन) शारीरिक दक्षता परीक्षा– शारीरिक दक्षता परीक्षा, कुल 100 अंको का होगा और इसमें निम्नलिखित प्रतिस्पर्धायें सम्मिलित होंगीः–

(अ) लम्बी कूद	20 अंक
(ब) ऊंची कूद	20 अंक
(स) गोला फेंक	20 अंक
(द) 100 मीटर दौड़	20 अंक
(इ) 800 मीटर दौड़	20 अंक

प्रत्येक परिणाम के लिये दिये जाने वाले अंको का विस्तृत विवरण, अनुसूची–पांच में विनिर्दिष्ट किया गया है। इसमें कम से कम कुल 60ः अंक अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी तथा 50ः अंक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को प्राप्त करना अनिवार्य है।

उपरोक्त सभी प्रतिस्पर्धा हेतु अभ्यर्थियों को केवल एक ही अवसर प्रदान किया जायेगा। अभ्यर्थियों को उपरोक्त समस्त प्रतिस्पर्धा में भाग लेना अनिवार्य है। अपने प्रदर्शन मूल्यांकन से असंतुष्ट होने पर अभ्यर्थी द्वारा चयन समिति के समक्ष अपील की जा सकेगी, जिसका तत्काल निराकरण किया जायेगा। इस संदर्भ में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा सूर्योदय से सूर्यास्त के मध्य पर्याप्त रोशनी की अवस्था में कराया जायेगा। रात्रि अथवा कृत्रिम प्रकाश में यह परीक्षा नहीं कराई जायेगी।

(चार) लिखित परीक्षा– शारीरिक दक्षता परीक्षा के परिणाम के आधार पर गुणागुण सूची प्रवर्गवार तैयार की जायेगी तथा इस सूची में से केवल विज्ञापित पदों की संख्या के अधिकतम 15 गुना आवेदकों को द्वितीय चरण लिखित परीक्षा में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जायेगा। एक समान न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को अगले चरण के प्रवेश की पात्रता होगी, भले ही संख्या 15 गुना से अधिक हो जाये। लिखित परीक्षा कुल 50 अंको की होगी तथा इसकी अवधि 02:00 घंटे की होगी। इसमें सामान्य ज्ञान, बुद्धि क्षमता, विष्लेषण क्षमता, स्थानीय भौगोलिक संरचना, संस्कृति, परंपरा, सामाजिक मूल्य तथा अंक गणित के प्रश्न पूछे जायेंगे, जो कि वस्तुनिष्ट प्रकार के होंगे। लिखित परीक्षा का संचालन, विभागीय आधार पर अथवा शासन द्वारा नियुक्त/अधिकृत अन्य अभिकरण के द्वारा कराया जा सकता है।

(पांच) साक्षात्कार– 20 अंक (अधिकतम) – शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों का योग किया जाकर प्रवर्गवार गुणागुण क्रम में सूची बनाकर, विज्ञापित पदों की संख्या के अधिकतम 3 गुणा अभ्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। एक समान न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले समस्त अभ्यार्थियों को इसकी पात्रता होगी, भले ही यह संख्या 3 गुणा से अधिक हो जाये। साक्षात्कार अधिकतम 20 अंक का होगा। साक्षात्कार, तीन सदस्यीय समिति द्वारा लिया जाएगा, जिसका गठन रेंज पुलिस महानिरीक्षक द्वारा किया जाएगा। समिति के सदस्यों के संबंध में, राज्य शासन के तत्समय प्रचलित नियमों का पालन किया जाएगा।

(छः) बोनस अंक– 30 अंक (अधिकतम) – नीचे उल्लेखित शीर्ष की विशेष योग्यता हेतु निम्नानुसार अंक निर्धारित है :–

स.क्र.	शीर्ष	अधिकतम बोनस अंक
1.	मोटर वाहन चालन का हैवी लायसेंस धारी	05
2.	एन.सी.सी. 'सी' प्रमाण–पत्र/एन.एस.एस.(राष्ट्रीय सेवा योजना) का 'सी' प्रमाण पत्र।	05
3.	जिले की स्थानीय बोली का ज्ञान।	20
अधिकतम बोनस अंक		**30**

टीप– स्थानीय बोली के ज्ञान के परीक्षण हेतु साक्षात्कार समिति में स्थानीय बोली के जानकार विशेषज्ञ भी सदस्य होंगे।

(सात) चयन सूची– (कुल पूर्णांक 200)– शारीरिक दक्षता परीक्षा–100 अंक, लिखित परीक्षा–50 अंक, साक्षात्कार–20 अंक एवं बोनस अंक–30 के आधार पर चयन सूची तैयार की जायेगी। लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा, साक्षात्कार एवं बोनस अंको के प्राप्तांकों के योग के आधार पर गुणागुण क्रम में सूची बनाई जायेगी। सर्वप्रथम, सभी वर्गों के अभ्यर्थियों में से अनारक्षित पदों के लिये पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जायेगी। इस सूची में आरक्षित वर्ग (अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों) के वे अभ्यर्थी भी शामिल होगें, जो गुणागुण के आधार पर स्थान पाने के हकदार हैं एवं अनारक्षित पदों के लिये सभी योग्यता भी पूरी करते

है। शेष अभ्यर्थियों में से अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों की उनके अपने–अपने प्रवर्ग के लिये विज्ञापित आरक्षित पदों के लिये पृथक–पृथक सूचियां तैयार की जायेगी।

इस सूची के तैयार होने के पश्चात् नगर सैनिक के लिये आरक्षण एवं भूतपूर्व सैनिकों के लिये खण्डवार आरक्षण को प्रभावी करना होगा। यदि उपरोक्त सूचियों में पहले ही कुल 25ः नगर सैनिक अभ्यर्थी नहीं हैं तो परीक्षा में शामिल सभी नगर सैनिक की सूची, गुणागुण क्रम में तैयार की जायेगी तथा गुणागुण क्रम में 25ः के मान से नाम पृथक किये जायेंगे और फिर इनमें से केवल उतने अभ्यर्थियों को पूर्व में संदर्भित अनारक्षित पदों एवं आरक्षित पदों की सूचियों में सम्मिलित किया जायेगा, जितने कि 25ः आरक्षण का लाभ देने के लिए आवश्यक हो। केवल तीन वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले नगर सैनिकों को ही, नगर सेना कोटे में आरक्षण की पात्रता होगी। इसकी प्रतिस्थापना प्रक्रिया में, अनारक्षित तथा आरक्षित सूचियों में गुणागुण में नीचे क्रम के गैर–नगर सैनिक अभ्यर्थी, इन सूचियों से स्वतः बाहर हो जायेंगे। भूतपूर्व सैनिकों का 10ः सीधा आरक्षण है, किन्तु भूतपूर्व सैनिकों का आरक्षण श्रेणीवार हो जाने से इनकी गुणागुण सूची जाति प्रवर्गवार तैयार की जायेगी और 10ः की संख्या की गणना भी जाति वर्गवार ही होगी। प्रतिस्थापना प्रक्रिया भी, केवल उसी वर्ग में होगी, जिसमें 10ः की संख्या पूरी नहीं होती है। नगर सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं पाये जाने की दशा में, कोई भी पद, आगामी वर्ष के लिए अग्रनीत नहीं की जाएगी, किन्तु ऐसे पद अन्य उपलब्ध अभ्यर्थियों से भरे जायेंगे।

महिलाओं के लिए आरक्षित पदों के लिये पृथक सूचियॉ तैयार की जायेगी, किन्तु महिलाओं का आरक्षण, खण्डवार सीधा आरक्षण है तथा योग्य महिलायें उपलब्ध न होने की दशा में, पद, आगामी वर्ष के लिये अग्रनीत नहीं किये जायेंगे, अतः जिस भी वर्गवार की योग्य महिला अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होगी, उस पद को, उसी वर्ग के पुरूष अभ्यर्थी से भरा जायेगा।

(आठ) चयन सूची का अनुमोदन– परीक्षा के पश्चात् चयन सूची तत्काल ही तैयार की जाकर पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ रेंज पुलिस महानिरीक्षक को अनुमोदन हेतु भेजी जायेगी। रेंज पुलिस महानिरीक्षक, प्रथम दृष्टया, किन्तु किसी भी दशा में पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही, सूची का परीक्षण कर, अनुमोदन आदेश जारी करेंगे। रेंज पुलिस महानिरीक्षक, चयन सूची का अनुमोदन के समय परीक्षण करेंगे कि–

(क) क्या भर्ती नियमानुसार की गई है?

(ख) क्या भर्ती में आरक्षण संबंधी नियमों का पालन किया गया है?

(ग) भर्ती के दौरान कोई गंभीर अनियमितता या ऐसी शिकायत तो सामने नहीं आई है, जो प्रथम दृष्टया सही प्रतीत होती हो?

(घ) कोई अन्य स्वस्पष्ट चूक या त्रुटि या लापरवाही तो परिलक्षित नहीं हो रही है?

यदि रेंज पुलिस महानिरीक्षक, उपरोक्तानुसार त्रुटि पाते हैं तो भर्ती की कार्यवाही, निरस्त करने का स्पष्ट आदेश जारी करेंगे। निरस्तीकरण आदेश की प्रति, पुलिस मुख्यालय को भी पृष्ठांकित की जावेगी। केवल अंक गणितीय चूक के आधार पर भर्ती तब तक निरस्त नहीं की जायेगी, जब तक कि यह स्पष्ट न हो जाये कि इसके कारण अभ्यर्थियों के चयन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अप्रमाणित शिकायतों अथवा जनचर्चा के आधार पर भर्ती निरस्त नहीं की जा सकेगी।

चयन सूची या तो पूरी तरह अनुमोदित की जायेगी अथवा पूरी तरह निरस्त की जायेगी। रेंज पुलिस महानिरीक्षक, पुनः मूल्यांकन अथवा पुनः परीक्षा का आदेश नहीं दे सकेंगे। अनुमोदन के पूर्व, रेंज पुलिस महानिरीक्षक, सभी आवश्यक दस्तावेज एवं कच्चा कार्य परीक्षण हेतु मंगा सकेंगे।

12. **समिति द्वारा सिफारिश किये गये अभ्यर्थियों की सूची.–** (1) समिति, अपने द्वारा निश्चित किये गये स्तर के **अनुसार** योग्य अभ्यर्थियों की योग्यता क्रम से बनाई गई सूची तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों की सूची, जो उक्त मानक अनुसार अर्ह नहीं है, किन्तु फिर भी प्रशासन की दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए समिति द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किये गये हों, नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित करेगी। सूची को सर्वसाधारण की जानकारी के लिये भी प्रकाशित की जायेगी।

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिये उसी क्रम में विचार किया जायेगा, जिस क्रम में उनके नाम सूची में आये हों। वास्तविक रिक्त पदों के अतिरिक्त आरक्षण नियमों का पूर्णतः पालन करते हुए, 25ः पदों की प्रतीक्षा सूची भी बनाई जाकर प्रकाशित की जावेगी, जो प्रकाशन

के दिनांक से आगामी चयन प्रक्रिया प्रारंभ होने तक या एक वर्ष की अवधि अथवा जो पहले हो, तक ही प्रभावशील होगी।

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं हो जाता, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसा कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाये कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है।

13. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति**– (1) सीधी भर्ती के लिये फाईटर आरक्षक के पद हेतु अंतिम गुणागुण सूची (मेरिट लिस्ट), शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं बोनस में अभिप्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जायेगी। नियुक्तियां, पदों की उपलब्धता के अधीन रहते हुये गुणागुण सूची (मेरिट लिस्ट) से की जाएगी।

(2) एक समान कुल अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की परस्पर वरिष्ठता उनकी जन्मतिथि के आधार पर अवधारित की जायेगी। अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरिष्ठ माना जायेगा। यदि जन्मतिथि एवं प्राप्तांक समान हो तो आवेदन पत्र का पंजीयन क्रमांक के आधार पर वरिष्ठता अवधारित की जायेगी।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी चयन सूची की वैधता, चयन सूची के जारी किये जाने के दिनांक से एक वर्ष की कालावधि के लिए होगी ।

14. **परिवीक्षा/प्रशिक्षण** –(1) प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी के संबंध में उसका चरित्र सत्यापन किया जाएगा। चरित्र सत्यापन रिपोर्ट अनुकूल पाए जाने पर, सफल अभ्यर्थी, जिनका नाम चयन सूची (मेरिट लिस्ट) में आया है, को तीन वर्ष की परिवीक्षा पर नियुक्ति किया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी, चरित्र सत्यापन प्रारूप में कोई तथ्यात्मक जानकारी छिपाता है अथवा कोई गलत जानकारी देता है तो वह सेवा के अयोग्य ठहराया जायेगा और उसे नियुक्ति नहीं दी जावेगी तथा यदि यह तथ्य, सेवा में नियुक्ति के बाद प्रकट होता है तो उसे बिना कोई अन्य नोटिस दिये सेवा से पृथक किया जा सकेगा। उसका चरित्र सत्यापन प्रतिकूल होने पर, अभ्यर्थियों को नियुक्ति तथा सेवा में बने रहने की पात्रता नहीं होगी और ऐसे चयनित व्यक्तियों का नाम, चयन सूची से हटा दिया जायेगा।

(2) यदि कोई अभ्यर्थी, जिसे परिवीक्षा पर नियुक्ति हेतु प्रस्ताव भेजा गया हो, दिये गये दिनांक तक निर्दिष्ट स्थान पर, उपस्थित नहीं होता है, तो पुलिस महानिदेशक के आदेश द्वारा ऐसे अभ्यर्थी का नाम चयन सूची से हटाया जा सकेगा तथा सक्षम प्राधिकारी यह आदेश जारी कर सकेगा कि वह उस अभ्यर्थी के नियुक्ति प्रस्ताव जारी करें, जिसका नाम गुणागुण सूची में ठीक नीचे दिया गया है तथा जिसे ऐसे प्रस्ताव के लिये अन्यथा उपयुक्त पाया गया है:–

(3) अभ्यर्थियों को इकाई में आमद देने के पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण करवाना होगा, जिसमें उसे पूर्ण रूप से स्वस्थ होना आवश्यक होगा।

(4) निर्धारित प्रशिक्षण, विनिर्दिष्ट प्रशिक्षण संस्थाओं तथा अन्य इकाईयों में नियुक्ति के पश्चात् दिया जायेगा। निर्धारित लिखित, मौखिक तथा प्रायोगिक परीक्षा में असफल रहने तथा समय–समय पर यथा निर्धारित मापदण्डों द्वारा प्रशिक्षण उद्देश्यों को पूरा न कर पाने की स्थिति में प्रशिक्षण कालावधि बढ़ाई जा सकेगी या उसे सेवा मुक्त भी किया जा सकेगा।

15. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.–** (1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिए एक विभागीय पदोन्नति समिति गठित की जायेगी, जिसमें अनुसूची–चार में उल्लेखित सदस्य शामिल होंगे।

तथापि, इस उप–नियम के अधीन, समिति के गठन के प्रयोजन के लिये छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 (क्र.21 सन् 1994) की धारा 8 के उपबंधों का भी अनुसरण किया जायेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी पत्र क्रमांक एफ 13–8/2019/आ.प्र./1–3, नवा रायपुर अटल नगर, दिनाँक 27.08.2020 के परिपालन में समिति में एक महिला सदस्य को रखा जाना अनिवार्य है।

(2) समिति की बैठक ऐसे अंतरालों में होगी, जो साधारणतः एक वर्ष से अधिक की न हो।

(3) समिति का कार्यकाल, उसके गठन किए जाने से एक वर्ष का या जब तक उसका पुर्नगठन न हो जाये, इसमें से जो भी पहले हो, होगा।

(4) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों के अनुसार एवं जिला बल में जी.डी. संवर्ग में समकक्ष पद/सेवा हेतु प्रचलित पदोन्नति नियम में उल्लेखित मापदण्ड अनुसार पदोन्नति दी जायेगी।

(5) रिक्तियों में पदोन्नति करने हेतु प्रक्रिया, उप–नियम (4) में उल्लेखित नियम एवं शासन के सामान्य प्रषासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गये अनुदेषों के अनुसार होगी।

16. **पदोन्नति के लिए पात्रता की शर्तें.–** (1) समिति, उन समस्त व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की जनवरी के प्रथम दिन को उन पदों में, जिससे पदोन्नति की जानी है (चाहे मूल रूप में या

स्थानापन्न रूप में) उतने वर्षों की सेवा, जैसा कि अनुसूची–चार के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट है, पूर्ण कर ली हो और जो उप–नियम (2) के उपबंधों के अनुसार विचारण क्षेत्र के भीतर आते हों।

स्पष्टीकरणः– पदोन्नति के लिए पात्रता हेतु संगणना की रीति.– संबंधित वर्ष, जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति आहूत की जाती है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा की अवधि की गणना, उस कैलेण्डर वर्ष से की जायेगी, जिसमें लोक सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया हो और फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं ।

(2) छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों के अनुसार एवं जिला बल में जी.डी. संवर्ग में समकक्ष पद/सेवा हेतु प्रचलित पदोन्नति नियम में उल्लेखित मापदण्ड अनुसार पदोन्नति दी जायेगी।

(3) शासन द्वारा विहित आरक्षण रोस्टर के अनुसार पदोन्नति की जायेगी।

(4) सेवा के प्रत्येक पद/रैंक पर पदोन्नति हेतु पदोन्नति–पूर्व–प्रषिक्षण तथा पदोन्नति–बाद –प्रषिक्षण में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

17. **पदोन्नति हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना.–** (1) विभागीय पदोन्नति समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी, जो उपर्युक्त नियम 14 में विहित शर्तो को पूरी करते हों तथा जिन्हें समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति के लिए उपयुक्त समझा गया हो।

संबंधित वर्ष, जिसके लिये पदोन्नति प्रक्रिया की जानी है, उस वर्ष अर्थात् 1 जनवरी से 31 दिसम्बर के दौरान पदोन्नति के लिये रिक्तियों की संख्या की गणना, विद्यमान तथा सेवानिवृत्ति एवं उच्चतर संवर्ग/सेवा के भाग/पदों के उच्चतर वेतनमान में पदोन्नति के कारण प्रत्याषित रिक्तियों में 25ः (अप्रत्याषित) अधिक का योग करते हुये रिक्त पदों का निर्धारण किया जायेगा। रिक्त पदों का निर्धारण आरक्षण रोस्टर के अनुसार किया जायेगा।

(2) उक्त सूची, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के उपबंधों के अनुसार एवं जिला बल में जी.डी. संवर्ग में समकक्ष पद/सेवा हेतु प्रचलित पदोन्नति नियम में उल्लेखित मापदण्ड अनुसार तैयार की जायेगी। पदोन्नति के लिये व्यक्तियों की चयन सूची तैयार करने के लिये मापदण्ड वरिष्ठता–सह–उपयुक्तता (सीनियरिटी सब्जेक्ट टू फिटनेस) होगी।

(3) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम, 1961 के अनुसार चयन सूची की तैयारी के समय, सूची में सम्मिलित कर्मचारियों के नाम, अनुसूची–चार के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट सेवा या पदों में वरिष्ठता के क्रम में रखे जायेंगे।

स्पष्टीकरण– ऐसे व्यक्ति, जिसका नाम चयन सूची में शामिल किया गया है, किन्तु जिसे सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नहीं किया गया है, केवल उसके पूर्वोत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के ऊपर जिन पर पश्चात्वर्ती चयन में विचार किया गया है, ज्येष्ठता का कोई दावा नहीं किया जायेगा।

18. **चयन/योग्यता सूची.–** (1) अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन)/रेंज पुलिस महानिरीक्षक/उप पुलिस महानिरीक्षक द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित की गई सूची अनुसूची–चार के कॉलम (2) में उल्लेखित पदों से, अनुसूची–चार के कॉलम (3) में उल्लेखित पदों पर, सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिये चयन/योग्यता सूची होगी।

(2) विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा गुणागुण सूची बनाये जाने के पूर्व, उसे पुनरीक्षित विभागीय पदोन्नति समिति (रिव्यू डी.पी.सी.) के रूप में भी कार्य करना पड़ेगा अर्थात जिनके नाम पूर्व विभागीय पदोन्नति समिति में विचार हेतु छूट गये हैं अथवा जिनके सेवा–अभिलेख में कोई परिवर्तन हो गया हो, तो ऐसे कर्मचारियों के नामों पर समिति विचार करेगी।

(3) पदोन्नति के लिये चयन/योग्यता सूची, सामान्यतः इसके तैयार किये जाने की तारीख से नई योग्यता सूची प्रकाषित होने तक अथवा 18 माह की अवधि तक, जो भी पहले हो, विधिमान्य रहेगीः

परन्तु चयन/योग्यता सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या कर्तव्य के निर्वहन में गंभीर चूक होने की स्थिति में, चयन/योग्यता सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और चयन/योग्यता सूची से ऐसे व्यक्ति का नाम हटाया जा सकेगा।

(4) पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाये गये कर्मचारियों की चयन/योग्यता सूची, जिला बल में जी.डी. संवर्ग में समकक्ष पद/सेवा हेतु प्रचलित नियम में उल्लेखित सक्षम अधिकारी द्वारा जारी की जायेगी। चयनित अधिकारी/कर्मचारियों का उच्च पद पर पदोन्नति हेतु पदोन्नति–पूर्व–प्रशिक्षण, प्रषिक्षण संस्थान में संचालित किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण पश्चात् सक्षम अधिकारी द्वारा योग्यता सूची जारी कर, रिक्त पदों पर संवर्गवार उसी क्रम में पदोन्नति दी जायेगी, जिस क्रम में उपयुक्त कर्मचारी का नाम, योग्यता सूची में हो।

योग्यता सूची की समयावधि समाप्ति उपरांत यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी पदोन्नत नहीं हो पाते हैं एवं पदोन्नति–पूर्व–प्रशिक्षण में शामिल अधिकारी/कर्मचारी जो पदोन्नति प्राप्त नहीं कर पाये

